Title: Requests the Central Government to take steps to save the paddy crops from pests in Southern Bihar particularly Madhubani.

डा. शकील अहमद : सभापति महोदय, बिहार के मधुबनी लोकसभा क्षेत्र में धान की खरीफ की फसल, जो थोड़ी बहुत बाढ़ से बची है, कीड़ों के प्रकोप से बर्बाद हो रही है। यह स्थिति मधुबनी लोकसभा क्षेत्र सहित पूरे उत्तर बिहार की है। यहां पर खाद की कमी है। प्रधान मंत्री जी ने अभी कहा है कि खाद आयात किया जा रहा है। प्याज का आयात करते-करते इनका अपना निर्यात हो गया, इसलिए ऐसा आयात नहीं होना चाहिए। हम चाहते हैं कि भारत सरकार का कृषि मंत्रालय वहां जाकर खरीफ की फसल पर जो कीड़ों का प्रकोप हुआ है, उसकी जांच करे और उचित व्यवस्था करे। मैं चाहता हूं कि जिन क्षेत्रों में कीड़ों का प्रकोप हुआ है, उन क्षेत्रों के लिए यहां से खाद जाए और बीज जाए।

शकील अहमद जारी महोदय, यह बड़ी गंभीर समस्या है। भारत सरकार को बिहार सरकार की इस मामले में निश्चित रूप से मदद करना चाहिए। मेरा निवेदन है कि भारत सरकार को निश्चित रूप से इस पर ध्यान देना चाहिए।